मकान मालिकों के लिए ईक्यू (EQ)कवर निर्देशिका

जुलाई 2019

EQC
EARTHQUAKE COMMISSION
Kōmihana Rūwhenua

इस निर्देशिका (गाईड) में

ईक्यू (EQ) कवर क्या है? 4

ईक्यू (EQ) कवर के अंतर्गत किस का बीमा हो सकता है? 6

ईक्यू (EQ) कवर के अंतर्गत किस का बीमा नहीं हो सकता है? 8

ईक्यू (EQ) कवर का दायरा कितना है? 10

एक ईक्यूसी (EQC) क्लेम करना 15

एक ईक्यूसी (EQC) क्लेम का निपटारा करना 15

ईक्यू (EQ) कवर की सीमा एवं उसे रद्द करना 16

आपका निजी बीमा 17

हम एकत्रित की हुई जानकारी के साथ क्या करते हैं 18

अधिक जानकारी के लिए 20

EQC

यह भूचाल आयोग की प्राकृतिक आपदा बीमा, ईक्यू (EQ) कवर के बारे में सरल भाषा में निर्देशिका है।

भूचाल आयोग (ईक्यूसी - EQC) को भूचाल आयोग अधिनियम 1993 (अधिनियम) एवं उपयुक्त विनियमों का पालन अवश्य करना होगा। इनकी प्राथमिकता इस निर्देशिका के विषय-वस्तु पर सदा रहेगी।

ईक्यू (EQ) कवर संबंधी विस्तृत जानकारी तथा भूचाल आयोग अधिनियम 1993 के लिंक के लिए हमारी वैबसाईट (eqc.govt.nz) पर जाएं।

ईक्यू (EQ) कवर क्या है?

ईक्यूसी (EQC) आवासीय भवनों एवं भूमि हेतु प्राकृतिक बीमा प्रदान करता है, जिसे ईक्यू (EQ) कवर कहते हैं।

आपको अपने आवासीय भवन एवं भूमि पर अपने आप ईक्यू (EQ) कवर प्राप्त होता है, यदि आपके पास अपने आवासीय भवन पर निजी बीमा पॉलिसी है जिसमे अग्नि बीमा शामिल हो (और अधिकतम पॉलिसी में ऐसा होता है)

1 जुलाई 2019 से, ईक्यूसी (EQC) वस्तुओं के लिए बीमा प्रदान नही करेगा, जिसका प्रभाव पॉलिसीधारकों की मौजूदा पॉलिसी की वर्षगांठ तिथि पर लागू होगा, जो सामान्यतः वार्षिक नवीकरण तिथि होती है, या अगर आप नयी पॉलिसी लेते हैं।

आप अपनी निजी बीमा कंपनी को जो प्रीमियम देते हैं उसमे ईक्यू (EQ) कवर का प्रीमियम शामिल होना चाहिए।

ईक्यू (EQ)कवर हेतु, ईक्यूसी (EQC) बीमा की अधिकतम राशि तक भुगतान करेगा (निम्नलिखित अनुभाग में ''कवर पर अधिकतम सीमाएं'' देखें)।

इस अधिनियम के अंतर्गत आवश्यकताओं अनुसार, ईक्यू (EQ) कवर प्राकृतिक आपदा से होने वाली प्रत्येक क्षति की स्थिति में अधिकतम सीमाओं तक उपलब्ध होता है, जब तक की आपके पास उपयुक्त समय पर एक वैध निजी बीमा पॉलिसी है।

ईक्यूसी (EQC) की अधिकतम सीमाओं से अधिक की कोई भी राशि को आपका निजी बीमा कवर कर सकता है।

जब आपके ईक्यूसी (EQC) क्लेम का निपटारा होता है, तो एक एक्सेस राशि (निश्चित राशि) काट ली जाती है (नीचे ''एक्सैसज़'' अनुभाग देखें)।

प्राकृतिक आपदाएं, जो कवर होती हैं

ईक्यू (EQ)कवर आवासीय भवनों, उन में पड़ी वस्तुओं तथा भूमि को भूचाल, प्राकृतिक ढंग से भूमि खिसकने, जवालामुखी फटने, हाईड्रोथर्मल गतिविधि एवं सुनामी से किसी भी प्रकार के भौतिक नुकसान या क्षति को कवर करता है।

ईक्यू (EQ)कवर आपकी भूमि का तूफ़ान एवं बाढ़ के लिए बीमा करता है।

यह इन प्राकृतिक आपदाओं में से एक के कारण लगने वली आग हेतु भी बीमा करता है।

यदि आपकी आवासीय संपत्ति इनमें से किसी एक प्राकृतिक आपदा द्वारा नष्ट तो नहीं होती है, परन्तु इनमें से किसी एक के कारण सीधा प्रभाव पड़ता है, तब भी ईक्यू (EQ)कवर लागू हो सकता है।

*1 जुलाई, 2019 से, ईक्यूसी (EQC) वस्तुओं के लिए बीमा प्रदान नही करेगा, जिसका प्रभाव पॉलिसीधारकों की मौजूदा पॉलिसी की वर्षगांठ तिथि पर लागू होगा, जो सामान्यतः वार्षिक नवीकरण तिथि होती है, या अगर आप नयी पॉलिसी लेते हैं।

ईक्यू (EQ)कवर के अंतर्गत किस का बीमा किया जाता है?

अधिनियम में "ड्वेल्लिंग" शब्द का प्रयोग किया गया है जिसका तात्पर्य एक स्वपूर्ण परिसर से है जिसका इस्तेमाल एक स्थाई घर या एक छुटीयों के घर की तरह किया जा रहा हो या किया जा सकता हो और ऐसा करने की इच्छा हो। इस निर्देशिका में हम ड्वेल्लिंग के स्थान पर "होम" शब्द का प्रयोग करते हैं।

ईक्यू (EQ)कवर निम्नलिखित का बीमा कर सकता है, मगर तब जब अधिनियम की सभी शर्तों का पालन किया जाए।

आवासीय भवन

इनमें शामिल हैं:

- आपका घर या होलीडे होम
- एक ही भवन में एक या अधिक घर (उदाहरणतया किसी एक अपार्टमैन्ट भवन में)
- घर में रहने वालों द्वारा प्रयोग में लाए जाने वाले अलग भवन (उदाहरणतया शैड्स या गैरेज्स)
- आपके पास मौजूद सेवाएं (उदाहरणतया जल पाईप एवं बिजली की तारें) जो आपके घर में सुविधा देती हों तथा आपके घर के 60 मीटर के घेरे के भीतर हों।

वस्तुएँ

1 जुलाई 2019 से, ईक्यूसी (EQC) वस्तुओं के लिए बीमा प्रदान नही करेगा, जिसका प्रभाव पॉलिसीधारकों की मौजूदा पॉलिसी की वर्षगांठ तिथि पर लागू होगा, जो सामान्यतः वार्षिक नवीकरण तिथि होती है, या अगर आप नयी पॉलिसी लेते हैं।

यदि आपकी निजी बीमा पॉलिसी ने विशेषतया किसी विशेष वस्तुओं का बीमा नहीं किया है, तो उन वस्तुओं को ईक्यू (EQ) कवर में कवर नहीं मिलेगा।

भूमि

ईक्यू (EQ) कवर उस भूमि को कवर करेगा जो आपकी भूमि का भाग है तथाः

- आपके घर या बाहरी भवनों के अंतर्गत है (उदाहरणतया एक गैरेज या शैड)
- आपके घर या बाहरी भवनों के आठ मीटर के घेरे के भीतर है
- मुख्य पहुंच मार्ग का भाग है या उस के साथ है (उदाहरणतया ड्राईववे) एवं आपके घर से 60 मीटर तक है। कवर में कंक्रीट या एसफ़ाल्ट की बनी बनावटी सतहें शामिल नहीं होतीं, जो पहुंच मार्ग को कवर करती हों।

भूमि के लिए ईक्यू (EQ) कवर में ये भी शामिल हैः

- उक्त क्षेत्रों के भीतर पुल एवं पुलियां
- कुछ पुश्ता दीवारें तथा उनकी स्पोर्ट प्रणालियाँ जो आपके घर, बाहरी-भवनों या बीमाकृत भूमि को सहारा देने या सुरक्षा प्रदान करने के लिए आवश्यक हों (मुख्य पहुंच मार्ग सहित)।

ईक्यू (EQ) कवर के अंतर्गत किसका बीमा नहीं हो सकता है?

वे वस्तुएं, जो ईक्यू (EQ) कवर के घेरे में नहीं आती हैं उनमे शामिल हैं:

1 अमूर्त संपत्ति (उदाहरणतया कंप्यूटर में स्टोर की गई जानकारी)
2 गहने, कीमती नगीने, धन, कला-कृतियां, सिक्योरिटीज़, दस्तावेज़ अथवा टिक्टें
3 मोटर वाहन, अथवा मोटर वाहनों के भाग या एक्सेसरीज़ (उप साधन)
4 ट्रेलर्स, अथवा ट्रेलर्स के भाग या एक्सेसरीज़ (उप साधन)
5 नाव या अन्य जल यान, अथवा नावों या जल यान के भाग या असैस्रीज़ (उप साधन)
6 हवाई जहाज़ या हवाई जहाज़ के बीच या उस के ऊपर की कोई चीज़
7 विस्फ़ोटक पदार्थ
8 झाड़ियां, जंगल, वृक्ष, पौधे या प्रांगण
9 खुले खेतों में उगती हुई या कटी हुई फसलें (जिनमे फलों के वृक्ष और अंगूर की बेलें शामिल है)
10 जानवर, पशु-धन एवं पालतू जानवरों सहित
11 टैनिस कोर्टस, अन्दर या बाहर तथा सतह कोई भी हो
12 जैटीज़, घाट (व्हार्वस) अथवा लैण्डिंग्ज़
13 सड़कें, गलियां, ड्राईव्ज़ या पथ। परन्तु आपके मुख्य पहुंच मार्ग के नीचे की कुछ निश्चित भूमि (उदाहरणतया आपके ड्राईववे के नीचे की) को ज़मीन के लिए ईक्यू (EQ) कवर के अंतर्गत कवर किया जा सकता है
14 कोई पेविंग या कोई अन्य बनावटी सतह
15 पुल या पुलियां जो भूमि हेतु ईक्यू (EQ)कवर द्वारा कवर नहीं की जातीं**
16 पुश्ता दीवारें जो भूमि हेतु ईक्यू (EQ)कवर द्वारा कवर नहीं की जातीं**
17 बांध, ब्रेकवाटर्स, बाड़ या स्तंभ**
18 जलाशय, स्विमिंग पूल, बाथ्स, स्पा पूल्स, तालाब अथवा जल टावर्स**
19 एक प्राकृतिक आपदा के पश्चात् चोरी या तोड़-फोड़ से नुकसान, अथवा मुनाफ़ों का नुकसान
20 किसी प्राकृतिक आपदा के पश्चात् अस्थायी तौर पर कहीं और रहने के ख़र्च
21 वस्तुएं* जो केवल या प्रमुख तौर पर व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए प्रयुक्त होती हैं।

*1 जुलाई 2019 से, ईक्यूसी (EQC) वस्तुओं के लिए बीमा प्रदान नही करेगा, जिसका प्रभाव पॉलिसीधारकों की मौजूदा पॉलिसी की वर्षगांठ तिथि पर लागू होगा, जो सामान्यतः वार्षिक नवीकरण तिथि होती है, या अगर आप नयी पॉलिसी लेते हैं।

**15 से 18 तक में लिखी गयी वस्तुओं को कुछ मामलों में बीमाकृत किया जा सकता है (उदाहरणतया यदि वे आपके आवासीय भवन का भाग हों)।

उपर्युक्त सूचीबद्ध वस्तुएं आपकी निजी बीमा पॉलिसी द्वारा कवर की जा सकती हैं।

ईक्यू (EQ) कवर का दायरा कितना है?

आवासीय भवन

ईक्यूसी (EQC) आपके आवासी भवन का बीमा उसकी रीप्लेसमैन्ट कीमत पर करती है, जिसकी अधिकतम सीमा का वर्णन निम्नलिखित अनुभाग में किया गया है। ईक्यूसी (EQC) आपके आवासीय भवन की मरम्मत या पुनःनिर्माण का खर्च उसे नई जैसी स्तिथि में लाने के लिए करेगा (उतना संशोधन करके जितना किन्हीं व्यवहारिक कानूनों के अनुपालन के लिए आवश्यक हो)

वस्तुएँ

1 जुलाई 2019 से, ईक्यूसी (EQC) वस्तुओं के लिए बीमा प्रदान नही करेगा, जिसका प्रभाव पॉलिसीधारकों की मौजूदा पॉलिसी की वर्षगांठ तिथि पर लागू होगा, जो सामान्यतः वार्षिक नवीकरण तिथि होती है, या अगर आप नयी पॉलिसी लेते हैं।

इस तारीख तक, ईक्यूसी (EQC) आपके सामान का बीमा उसकी रीप्लेसमैन्ट कीमत पर करती है, जिसकी अधिकतम सीमा का वर्णन निम्नलिखित अनुभाग में किया गया है। फिर भी, यदि आपकी वस्तुएं आपकी निजी बीमा पॉलिसी के अंतर्गत आग के लिए कम अनुकूल आधार पर बीमाकृत हैं, तो उन वस्तुओं का बीमा ईक्यूसी (EQC) द्वारा भी कम अनुकूल आधार पर किया जाता है। उदाहरणतया, यदि आपकी वस्तुओं का बीमा, हर्जाना आधार पर आपकी निजी बीमा पॉलिसी के अंतर्गत किया जाता है, तो आपका ईक्यू (EQ)कवर भी हर्जाना आधार पर होगा।

भूमि

ईक्यूसी (EQC) आपके भूमि क्लेम निपटारे की गणना उस लागत के आधार पर करता है, जो क्षतिग्रस्त हुई किसी भूमि एवं किन्हीं पुलों, पुलियों एवं पुश्ता दीवारों तथा उनके स्पोर्ट सिस्टम्स की मरम्मत पर ख़र्च होती है। कुछ परिस्थितियों में भूमि क्लेम का निपटारा भूमि की कीमत में कमी के आधार पर होता है।

यह राशि उस भूमि कवर की अधिकतम सीमा के आधार पर है, जिसका वर्णन निम्नलिखित अनुभाग में किया गया है।

कवर पर अधिकतम सीमा

आवासीय भवन

1 जुलाई 2019 से आप आवासीय भवन के लिए $150,000 (+ जीएसटी) तक के ईक्यू कवर (EQCover) के हकदार होंगे। यह पॉलिसीधारकों हेतु उनकी मौजूदा पॉलिसी की वर्षगांठ तिथि पर लागू होगा, जो सामान्यतः वार्षिक नवीकरण तिथि होती है, या अगर आप एक नई पॉलिसी लेते हैं।

ईक्यूसी (EQC) अधिकतम सीमा तक का भुगतान करेगा, जो उस अधिकतम राशि से कम होगी यदि आपकी निजी बीमा पॉलिसी वर्णित करती हैः

- एक रीप्लेसमैन्ट राशि जो आग से क्षति के लिए बीमाकृत की गई है और जो $150,000 (+ जीएसटी) से कम है, अथवा
- वह राशि जिसके लिए आपका आवासीय भवन $150,000 (+ जीएसटी) से कम बीमाकृत है।

बीमा पॉलिसी करते या नवीनीकरण करते समय, आपने अपनी बीमा कंपनी को बताया हो कि उसी आवासीय भवन में एक से अधिक घर हैं। उस मामले में अधिकतम राशि सीमा है घरों की संख्या (जो आपने अपनी बीमा कंपनी को बताई थी) को $150,000 (+ जीएसटी) द्वारा गुणा करके।

वस्तुएँ

1 जुलाई, 2019 से, ईक्यूसी (EQC) वस्तुओं के लिए बीमा प्रदान नही करेगा, जिसका प्रभाव पॉलिसीधारकों की मौजूदा पॉलिसी की वर्षगांठ तिथि पर लागू होगा, जो सामान्यतः वार्षिक नवीकरण तिथि होती है, या अगर आप नयी पॉलिसी लेते हैं।

उन संपत्तियों के लिए, जिनमें पॉलिसी का अभी नवीकरण नही हुआ है, ईक्यू (EQ) कवर द्वारा निजी संपत्ति हेतु भुगतान की जाने वाली अधिकतम राशि होगीः

- $20,000 (+ जीएसटी) प्रति क्लेम, अथवा
- वह राशि, जो आपकी बीमा पॉलिसी में वर्णित है, यदि वह $20,000 (+ जीएसटी) प्रति क्लेम से कम है।

भूमि

ईक्यू (EQ)कवर द्वारा आपकी भूमि के प्रति अदा किए जाने वाले क्लेम की अधिकतम राशि में शामिल होगा बीमाकृत पुलों, पुलियों एवं पुश्ता दीवारों की हर्जाना राशि तथा इसके साथ ही नीचे दिए गये ज़मीन के सबसे लघुतम हिस्से की कीमत:

- नष्ट भूमि का क्षेत्रफल, अथवा
- नष्ट स्थान पर भूमि का 4,000 वर्ग मीटर, अथवा
- इस क्षेत्र में स्वीकृत न्यूनतम आकार का आवासीय भवन स्थल, जिस में आप रहते हैं।

ऐकसेससीज (देय राशि)

जैसे कि निजी बीमा पॉलिसियों में होता है, आपको ईक्यूसी (EQC) क्लेम के लिए देय राशि का अंशदान डालना होगा। अंशदान को "एक्सेस" कहा जाता है और इसको क्लेम के निपटारे के वक़्त काट लिया जाता है। "ऐकसेससीज" की गणना कैसे की जाती है इसका विवरण नीचे है।

प्रॉपर्टीज जिन पर एक ही घर है

	"एक्सेस" (देय भुगतान का प्रतिशत %)	न्यूनतम एक्सेस (देय राशि)	अधिकतम एक्सेस (देय राशि)
घर	1%	$200	$1,725
भूमि	10%	$500	$5,000
वस्तुएँ* (कंटेंट्स)	–	$200	$230**

संपत्ति जिन पर एक से अधिक घर हैं

आवासीय भवनों हेतु, ईक्यूसी (EQC) 1% एक्सेस की कटौती करेगा। न्यूनतम एक्सेस (देय राशि) $200 है, जिसे भवन में मौजूद घरों की संख्या (जो निजी बीमा कंपनी को अधिसूचित किए गए हैं) द्वारा गुणा किया जाता है।

भूमि हेतु, ईक्यूसी 10% एक्सेस की कटौती करेगा। फिर भी, न्यूनतम एक्सेस $500 है, जिसे उस भूमि पर मौजूद आवासीय भवन में घरों की संख्या (जो निजी बीमा कंपनी को अधिसूचित किए गए हैं)के साथ गुणा किया जाता है। अधिकतम एक्सेस $5,000 है।

*1 जुलाई, 2019 से, ईक्यूसी (EQC) वस्तुओं के लिए बीमा प्रदान नही करेगा, जिसका प्रभाव पॉलिसीधारकों की मौजूदा पॉलिसी की वर्षगांठ तिथि पर लागू होगा, जो सामान्यतः वार्षिक नवीकरण तिथि होती है, या अगर आप नयी पॉलिसी लेते हैं।

**वह क्लेम जिनमे भवन संबंधित अंश नहीं है उनका अधिकतम एक्सेस (देय राशि) $200.00 है।

आपके घर एवं निजी संपत्ति दोनों को क्षति

एक्सेस गणना के लिए, ईक्यूसी सामान्यतः भवन की क्षति तथा वस्तुओं की क्षति को एक ही क्लेम का भाग समझता है (जहां पर वस्तुएं उसी भवन में या उसी भवन पर हैं तथा क्षति एक ही प्राकृतिक आपदा से हुई है)।

जिस क्लेम में भवन की मरम्मत और संबंधित सामान की संयुक्त राशि की कुल कीमत $20,000 या कम है वहां प्रत्येक वैध क्लेम जहाँ नुकसान हुआ है, उसका एक्सेस $200 है। यदि क्लेम का संयुक्त कुल जोड़ $20,000 से अधिक हो, तो एक्सेस कुल कीमत का 1% होता है।

जहां पर निपटारे की राशि एक्सेस राशि से कम हो

यदि आपकी संपत्ति की मरम्मत एक्सेस की राशि से कम में हो सकती है या उसे बदला जा सकता है, तो ईक्यूसी (EQC) कोई भुगतान नहीं करेगा। आपको मरम्मतों या बदलने का ख़र्च स्वयं ही करना होगा।

*1 जुलाई, 2019 से, ईक्यूसी (EQC) वस्तुओं के लिए बीमा प्रदान नही करेगा, जिसका प्रभाव पॉलिसीधारकों की मौजूदा पॉलिसी की वर्षगांठ तिथि पर लागू होगा, जो सामान्यतः वार्षिक नवीकरण तिथि होती है, या अगर आप नयी पॉलिसी लेते हैं।

एक ईक्यूसी (EQC) क्लेम करना

यदि आपका घर या भूमि किसी प्राकृतिक आपदा के कारण क्षतिग्रस्त हो गईं हैं, तो आपको तत्काल ईक्यूसी (EQC) क्लेम करने की आवश्यकता नहीं है। आपकी संपत्ति को क्षति पहुंचाने वाली प्राकृतिक आपदा के संबंधी हमको अधिसूचित करने के लिए आपके पास दो वर्षों तक का समय है। फिर भी, जहाँ तक संभव हो, हम दावेदारों से आग्रह करते हैं कि वह तीन महीनों के अंदर क्लेम डाल दें क्लेम प्रस्तुत करने में लगा समय, क्लेम के समुचित मूल्यांकन की ईक्यूसी (EQC) की क्षमता को प्रभावित कर सकता है।

क्लेम कैसे करना है, इस संबंधी और अधिक जानकारी के लिए, देखें 'ए गाईड टू यौर क्लेम विद ईक्यूसी (EQC)' आप इसे हमारी वैबसाईट (eqc.govt.nz) से डाऊनलोड कर सकते हैं या 0800 DAMAGE (0800 326 243) पर कॉल करें, हम आपको एक प्रति भेजेंगे।

एक ईक्यूसी (EQC) क्लेम का निपटारा करना

आपका क्लेम प्राप्त करने के पश्चात्, क्षति का मूल्यांकन करने हेतु विचार-विमर्श करने के लिए ईक्यूसी (EQC) आपसे संपर्क करेगा।

हम आपकी क्षतिग्रस्त भूमि की कीमत आंकने के लिए एक पंजीकृत वेल्युर को कह सकते हैं।

यदि क्षति गंभीर किस्म की है या आपकी संपत्ति को ख़तरा है, तो मूल्यांकनकर्ता एक इन्जीनियर की रिपोर्ट का इंतज़ाम कर सकता है।

हम क्षतिग्रस्त संपत्ति की मरम्मत तथा/अथवा उसे बदलने की लागत हेतु व्यवस्था भी कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए, देखें 'ए गाईड टू यौर क्लेम विद ईक्यूसी (EQC)'

ईक्यू (EQ) कवर की सीमा एवं उसे रद्द करना

ईक्यूसी (EQC) ईक्यू (EQ)कवर को सीमित कर सकता है

यदि आपकी संपत्ति को बहुत जल्द ख़तरा है, तो ईक्यूसी (EQC) ईक्यू (EQ) कवर की राशि बढ़ाने को सीमित कर सकता है।

ईक्यूसी (EQC) ईक्यू (EQ) कवर को सीमित भी कर सकता है जहां पर पहले ही प्राकृतिक ढंग से ज़मीन खिसकने (तूफ़ान अथवा बाढ़ से भूमि को क्षति) से क्षति का क्लेम किया जा चुका है। ईक्यूसी (EQC) यह सीमा लागू कर सकता है जहां उसे लगता है कि कुछ ऐसी क्षति हो सकती है, जिसे आप (या पिछला मालिक) टाल सकते थे।

इन मामलों में, ईक्यूसी (EQC), मालिक को ईक्यू (EQ)कवर पर सीमा का एक नोटिस भेजेगा। इस सीमा को संपत्ति के ‘शीर्षक के प्रमाण-पत्र’ पर भी नोट किया जाएगा। आप किसी भी समय ईक्यूसी (EQC) को लिख कर पूछ सकते हैं कि क्या सीमा को हटाया जा सकता है।

ईक्यूसी (EQC) ईक्यू (EQ) कवर को रद्द कर सकता है

यदि ईक्यूसी (EQC) किसी क्लेम पर ईक्यू (EQ) कवर की संपूर्ण राशि का भुगतान करता है, तो वह उस संपत्ति पर ईक्यू (EQ) कवर रद्द कर सकता है, जहां क्षतिग्रस्त संपत्ति की मरम्मत नहीं की जाती या उसे बदला नहीं जाता। ऐसे मामले में, ईक्यूसी (EQC) मालिक को एक नोटिस भेजेगा। निरसन संपत्ति के टाईटल के प्रमाण-पत्र पर भी लिखा जाएगा।

यदि आपका ईक्यू (EQ) कवर रद्द हो जाता है, तो आप ईक्यूसी (EQC) को ईक्यू (EQ)कवर पुनः शुरु करने के लिए कह सकते हैं, जब संपत्ति की मरम्मत करवा ली जाए या उसे बदल दिया जाए।

आपका निजी बीमा

अतिरिक्त बीमा प्राप्त करना

कवर संबंधी विचार-विमर्श करने हेतु अपने निजी बीमाकार से संपर्क करें कि वे किसी भी प्रकार की क्षति की स्तिथि में ईक्यूसी (EQC) की अधिकतम सीमाओं से कितना अधिक कवर प्रदान कर सकते हैं।

आपको अपनी बीमा कंपनी को बताना चाहिए, यदि आप

- एक से अधिक घरों वाले भवन का बीमा करवाना चाहते हैं
- अपने घर पर $1,00,000 (+ जीएसटी) से कम का ईक्यू (EQ) कवर करवाना चाहते हैं
- ईक्यू (EQ) कवर से अतिरिक्त कवर कराने के लिए।

*1 जुलाई 2019 से आप आवासीय भवन के लिए $150,000 (+ जीएसटी) तक के ईक्यू कवर (EQCover) के हकदार होंगे। यह पॉलिसीधारकों हेतु उनकी मौजूदा पॉलिसी की वर्षगांठ तिथि पर लागू होगा, जो सामान्यतः वार्षिक नवीकरण तिथि होती है, या अगर आप एक नई पॉलिसी लेते हैं।

हम एकत्रित की हुई जानकारी के साथ क्या करते हैं

ईक्यूसी (EQC), ईक्यूसी (EQC) अधिनियम के प्रशासन के उद्देश्य से, अपना कार्य करने के लिए, तथा प्राकृतिक आपदा पूर्वतैयारी, प्रतिक्रिया और रिकवरी के लिए जानकारी एकत्रित करता है।

ईक्यूसी (EQC) अधिनियम के अंतर्गत ईक्यूसी (EQC), संपत्ति संबंधित जानकारियों को सार्वजनिक रूप से साझा करने हेतु सक्षम है, जिनमें निजी बीमाकर्ता, सरकारी एजेंसियां जैसे कि स्थानीय सरकार या तीसरी पार्टियां शामिल हैं।

इसमें निम्न के बारे में जानकारी शामिल है:

- किसी संपत्ति को प्राकृतिक आपदा से हुआ नुकसान, तथा किसी संपत्ति के संबंध में ईक्यूसी (EQC) अधिनियम के अंतर्गत किए गए कोई क्लेम
- क्षतिग्रस्त संपत्ति के प्रतिस्थापन अथवा पुनःस्थापन की मूल्यांकित लागत, पुनःस्थापन विधियां और निपटान राशियां।

ईक्यूसी (EQC), सार्वजनिक या निजी स्वास्थ्य और सुरक्षा को खतरों की प्रतिक्रिया में भी जानकारी प्रकटित कर सकता है।

निजी जानकारी, निजता अधिनियम 1993 (प्राइवसी एक्ट 1993) में निर्धारित प्रावधानों द्वारा संरक्षित है।

EARTHQUAKE
COMMISSION

और अधिक जानकारी के लिए

- www.eqc.govt.nz पर जायें
- 0800 DAMAGE (0800 326 243) पर कॉल करें
- EQC, PO Box 311, Wellington 6140 को लिखें

यदि अंग्रेज़ी आपकी प्रथम भाषा नहीं है, तो आप 0800 DAMAGE (0800 326 243) पर कॉल करके, आपके लिए निशुल्क, एक दुभाषिए के लिए निवेदन कर सकते हैं।

EQC
EARTHQUAKE COMMISSION
Kōmihana Rūwhenua

New Zealand Government

जुलाई 2019